# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
अभ्यास कार्य पत्र–1
सत्र 2018–19
जुलाई

कक्षा– आठवीं
विषय– हिंदी

प्र.1 **नीचे लिखे गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

म ँहगाई या मूल्यवृद्धि से आज समस्त विश्व त्रस्त है। भारत बढ़ती मँहगाई की चपेट में बुरी तरह से जकड़ा हुआ है। जी वनपयोगी वस्तुओं के दाम दिन–प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। जिनसे जन–साधारण को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मँहगाई से देश के आर्थिक ढाँचे पर अत्यधिक दबाव पड रहा है। मँहगाई के निर्मम चरण अनवरत रूप से `अग्रसर है, पता नहीं वे कब व कहाँ रूकेंगे आज कोई भी वस्तु बाजार में सस्ते दामों पर उपलब्ध नहीं है, समाज का प्रत्येक वर्ग मँहगाई की मार को अनाहूत अतिथि की तरह सहन कर रहा है, इसका सर्वग्राही प्रभाव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर पड रहा है। सरकारी योजनाओं पर अत्यधिक खर्च हो रहा है। अपने स्वार्थ के लिए लोगों में धार्मिक, सा माजिक तथा नैतिक मान्यताएँ पीछे छूट जाती है और भ्रष्टाचार का बोलवाला हो जाता है। अर्थशास्त्र की मान्यता है कि यदि किसी वस्तु की माँग उत्पादन से अधिक हो तो मूल्यों में स्वाभाविक रूप से वृद्धि हो जाती है।

क. आज मँहगाई से कौन दुखी है ?
ख. मँहगाई से देश का कौन–सा ढांचा डगमगा रहा है ?
ग. अर्थशास्त्र के अनुसार मंहगाई का क्या कारण है ?
घ. स्वार्थ की भावना पनपने के कारण कौन–कौन सी मान्यताएँ पीछे छूट ज़ाती है?
ङ. उपरोक्त गदयांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र.2 **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

मैं झील हूँ, उकता गई हूँ
अब चाहती हूँ बहना, बौरा गई हूँ
जो भी यहाँ आता है, खामोशियाँ लाता है
सुलझे हुए लोगों से, तंग आ गई हूँ।
इस चाँद को तो देखो, मुझमें ही झाँकता है
अपने लबों को सीकर हर रात काटता है
कंबख्त ने कभी भी एक बात तक नहीं की
धरती की अंजुली में घबरा गई हूँ।
पानी का एक सच है, वह सच है बहते जाना
चाहा नहीं या मैनें, पर फिर भी रोकी गई
मैं झील हूँ, उकता गई हूँ।

क. कवि ने स्वयं को क्या माना है ?
ख. झील किन लोगों से तंग आ गई है ?

ग. पानी का सच क्या है ?
घ. झील से किसने बात तक नहीं की ?
ड. उपरोक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

**प्र03 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति डॅा ए.पी.जे.अब्दुल कलाम सच्चे अर्थों में देश के सुयोग्य नागरिक, महान वैज्ञानिक, दूरदर्शी एवं कर्मठ राष्ट्रनेता तथा मिसाइल मैन के रुप में चिरकाल तक अमर रहेंगे। इनका जन्म दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य के प्रसिद्ध तीर्थस्थान रामेश्वरम् में 1931 में हुआ था। गरीब परंतु ईमानदार और सुसंस्कृत परिवार में पालन–पोषण से उन पर नेतिक विचारों का प्रभाव पडा। इनके पिता कुशल और विनम्र व्यक्ति थे। इनके धर के पास कुछ हिंदु परिवार रहते थे। सुसंस्कृत हिंदी परिवारों से इन्होंने भगवदगीता पढी और शुद्ध शाकाहारी बन गए। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन के बाद वे देहरादून में वायु सेना चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए पर सफल न हो सके। दिल्ली आकर इन्हें वैज्ञानिक सहायक के रुप में नौकरी मिली।

क. कलाम अपने किस–किस रुप में चिरकाल तक याद किए जाएँगे?
ख. इनका जन्म तमिलनाडु के कौन से तीर्थस्थान में हुआ?
ग. कलाम अपने भोजन में शुद्ध शाकाहारी कैसे बने?
घ. साक्षात्कार में असफल होने के बाद इन्हें किस क्षेत्र में नौकरी मिली?
ड. उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**प्र04 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

यह धरती कितना देती है। धरती माता
कितना देती है अपने प्यारे पुत्रों को ।
नहीं समझ पाया था मैं उसके महत्व को,
बचपन में स्वार्थ लोभवश पैसे बोकर
रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ चुका हूँ।
इसमें सच्ची समता के दाने बोने हैं,
इसमें मानव ममता के दाने बोने हैं,
जिससे उगल सके फिर धूल सुनहरी फसलें
मानवता की, जीवन श्रम से हँसें दिशाएँ
हम जैसा बोएँगे वैसा ही पाएँगे।

क. काव्यांश के अनुसार धरती माता किसको देती है?
ख. कवि धरती के विषय में क्या समझ चुका है?
ग. हमें धरती पर कैसे दाने बोने हैं?
घ. मानवता की फसलें उगााने के लिए क्या करना होगाा?
ड. उपरोक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू
अभ्यासकार्य पत्र – 2
सत्र–2018 – 19

कक्षाः आठवीं

विषयः हिंदी

पाठ्यक्रम – पाठ – चिट्ठियों की अनूठी दुनिया
पाठ – भगवान के डाकिए

प्र01. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. पिन कोड भी संख्याओं में लिखा गया एक पता है , कैसे ?
2. इन डाकियों द्वारा लाए गए संदेश को कौन – कौन पढ़ता और समझता है ?
3. बैरंग पत्र क्या है ? उसे भेजने से क्या – क्या कठिनाई आ सकती है ?

प्र02. आशय स्पष्ट कीजिए –

1. "ये भगवान के डाकिए हैं ।"
2. उनकी लाई चिट्ठियाँ पेड़ , पौधे पानी और पहाड़ बाँचते हैं
3. ' देहाती दुनिया आज भी चिट्ठियों से ही चल रही है ।'
4. एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है ।

प्र03. आपको एक पक्षी को संदेशवाहक बनाकर पत्र भेजना हो तो आप वह पत्र किसे भेजना चाहेंगे और उसमें क्या लिखना चाहेंगे ? अपने विचार 40 – 50 शब्दों में लिखिए ।

प्र04. यदि प्रकृति किसी में भेदभाव नहीं करती तो क्या हमें यह भेदभाव करना चाहिए – अपने विचार 40 – 50 शब्दों में लिखिए ।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

अभ्यास कार्य पत्र– III

नाम : 

विषय : हिंदी

समय :

कक्षा : आठवीं

पूर्णांक :

प्र01. विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए और भेद का नाम लिखें :–

क) कुछ बच्चे मैदान में खेल रहे हैं। ( )

ख) ठंडी हवा में सैर करनी चाहिए। ( )

ग) दो किलो अनाज बाज़ार से लेते आना। ( )

घ) ज़रा सी चीनी दूध में मिलाओ। ( )

ङ) यह पुस्तक हमने पढ़ी हुई है। ( )

प्र02. निम्नलिखित शब्दों का विशेषण रूप लिखें :–

क) स्मरण ............ ख) जो ............

ग) कथा ............ घ) नीचे ............

ङ) इतिहास ............

प्र03. निम्नलिखित शब्दों का तद्भव रूप लिखें :–

क) कर्म ............ ख) स्वर्णकार ............

ग) मयूर ............ घ) कुंभकार............

ङ) नासिका ............

प्र04. रचना के आधार पर शब्द भेद बताइएं :–

क) प्रधानमंत्री ............ ख) आदमी ............

ग) गुणवान ............ घ) लंबोदर ............

ङ) बस्ता ............

प्र05. निम्न शब्दों की संधि करें :–

क) नर+ईश= ............ ख) नारी+इच्छा= ............

ग) राजा+ऐश्वर्य= ............ घ) अनु+एषण= ............

ङ) गै+इका= ............

प्र06. निम्न शब्दों की संधि–विच्छेद करें :–

क) भावुक ............ ख) मात्रिच्छा ............

ग) अत्यधिक ............ घ) सुरौदार्य ............

ङ) क्षितीश ............

प्र07. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

क) स्वर संधि के कितने भेद हैं, उनके नाम लिखें।

ख) रचना के आधार पर शब्द भेदों के नाम लिखें।

ग) शब्द किसे कहते हैं?

घ) विशेष्य किसे कहते हैं?

ङ) सार्वनमिक विशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

अभ्यास कार्य पत्र–4

सत्र– 2018–19

कक्षा– आठवीं

विषय– हिंदी

प्र.1 'मिल्टन बोतल' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

प्र.2 नीचे बने चित्र को ध्यानपूर्वक देखते हुए चित्र वर्णन कीजिए :–



प्र.3 नीचे बने चित्र को ध्यानपूर्वक देखते हुए चित्र वर्णन कीजिए :–

